प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 15.10.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. **मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी का किया वितरण : कहा– प्रदेश के 1 करोड़ 86 लाख परिवारों को मिल रहा है इस योजना का लाभ।**
2. **सर्वोच्च न्यायालय ने दिल्ली–एनसीआर में 18 से 21 अक्टूबर के बीच ग्रीन पटाखों की बिक्री और पटाख जलाने की दी अनुमति : सवेरे 6 से 7 और रात 8 से 10 बजे तक हो सकेगी आतिशबाजी।**
3. **प्रदेश सरकार ने एमएसएमई प्रादेशिक पुरस्कार योजना के लिये मांगे आवेदन : निर्माण क्षेत्र की 14 और सेवा क्षेत्र की 12 श्रेणियों में दिये जायेंगे पुरस्कार।**

**और**

4. **अयोध्या में 19 अक्टूबर को होने वाले दीपोत्सव की तैयारियां तेज़ : देशभर के दो हजार से अधिक कलाकार करेंगे प्रतिभा का प्रदर्शन।**

———————

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी का वितरण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि दीपावली के पहले यह प्रदेश के गरीब**

परिवारों के लिए एक बड़ा उपहार है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उज्ज्वला योजना के ज़रिए 11 करोड़ गरीब परिवारों को मुफ्त गैस कनेक्शन दिलाकर नारी गरिमा को सम्मान दिया है। श्री योगी ने कहा कि आज प्रदेश के 1 करोड़ 86 लाख परिवारों को इस योजना का लाभ मिला है। बाइट.....

*11 वर्ष में ग्यारह करोड़ गरीबों को प्रधानमंत्री मोदी जी के कारण फ्री में रसोई गैस के सिलेंडर उपलब्ध हुए हैं पूरे देश के लिए और जिसमें अकेले उत्तर प्रदेश में 1 करोड़ 86 लाख ऐसे परिवार है जिनके पास रसोई गैस का सिलेंडर नहीं था उन्हें ये उपलब्ध हुआ और ये कनेक्शन भी किसी और को नहीं महिलाओं को उपलब्ध करवाए है।*

मुख्यमंत्री ने स्वदेशी को बढ़ावा दते हुए लोगों से अपील की कि दीपावली पर जो भी खरीदें, वह स्वदेशी होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब जनता का पैसा स्थानीय कारीगरों, श्रमिकों और हस्तशिल्पियों तक पहुंचेगा, तभी समृद्धि देश तक पहुंचेगी और भारत विकसित बनेगा।

———————

सर्वोच्च न्यायालय ने दिल्ली–एनसीआर क्षेत्र में 18 से 21 अक्टूबर के बीच ग्रीन पटाखों की बिक्री और पटाख जलाने की अनुमति दे दी है। इसके लिए समय सीमा सवेरे 6 से 7 बजे और रात 8 से 10 बजे तक तय की गई है। पेश है एक रिपोर्ट.....

*शीर्ष अदालत ने इसे त्योहार मनाने और पर्यावरण संरक्षण के बीच एक संतुलित दृष्टिकोण बताया है। मुख्य न्यायाधीश भूषण आर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि यह आदेश एक अस्थायी*

*उपाय है जिसका उद्देश्य यह आकलन करना है कि क्या प्रदूषण पर अंकुश लगाने के प्रयासों के साथ सावधानी पूर्वक विनियमित छूट दी जा सकती है। अदालत ने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों को इस अवधि के दौरान वायु तथा जल गुणवत्ता की निगरानी करने और इस महीने की 14 तारीख से 21 तारीख के बीच दिल्ली की हवा पर आतिशबाजी के प्रभाव के बारे में एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।*

——————————

**प्रदेश सरकार ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को बढ़ावा देने के लिए एमएसएमई प्रादेशिक पुरस्कार योजना के अन्तर्गत वर्ष 2025–26 के लिए आवेदन मांगे हैं। सहायक आयुक्त उद्योग उमेश वर्मा ने बताया कि इस पुरस्कार योजना में निर्माण क्षेत्र की 14 और सेवा क्षेत्र की 12 श्रेणियों में आवेदन पत्र भरे जा सकते हैं। आवदेन करने की अन्तिम तिथि 30 अक्टूबर है।**

——————————

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित वस्तु और सेवा कर सुधार पिछले महीने की 22 तारीख से लागू हो गये हैं। प्रधानमंत्री ने इसे बचत उत्सव का नाम दिया है, जिससे पूरे देश को लाभ हो रहा है। पश है एक रिपोर्ट.....**

*हाल ही में हुए जीएसटी सुधार, विभिन्न उद्योगों में कर दरों को युक्ति संगत बनाकर अर्थव्यवस्था को मज़बूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। इन बदलावों में, ढाई हजार रुपये तक के हथकरघा शॉल और कपड़ों पर जीएसटी की दर घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है। इसी प्रकार, 7,500 रुपये तक के होटल के कमरों पर कर की दर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशतकर दी गई है इसके अलावा, फ़र्नीचर और हस्तशिल्प पर अब 12*

*प्रतिशत के बजाय केवल 5 प्रतिशत कर लगेगा। इन सुधारों का उद्देश्य अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना और लोगों की आजीविका में सुधार करना है। दिलनशी आरजू के साथ अमन यादव, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

———————————

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत में निर्मित तीन मिलावटी कफ सिरप की पहचान की है। वैश्विक स्वास्थ्य निकाय ने श्रीसन फार्मास्युटिकल्स की कोल्ड्रिफ, रेड नेक्स फार्मास्युटिकल्स की रेस्पिफ्रेश टीआर और शेप फार्मा की रीलाइफ के विशिष्ट बैचों को प्रभावित दवाओं के रूप में चिन्हित किया है। संगठन ने दुनिया भर के अधिकारियों से आग्रह किया है कि अगर उनके देशों में इनमें से कोई भी उत्पाद पाया जाता है, तो वे एजेंसी को सूचित करें। संगठन ने कहा कि ऐसी दवाएं पांच साल से कम उम्र के बच्चों को नहीं दी जानी चाहिए।

———————————

केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी की दरों कमी किए जाने से ऑटोमोबाइल के क्षेत्र को बहुत लाभ मिल रहा है। वाहनों की बिक्रत बढ़ी है। वाराणसी में ऑटोमोबाइल क्षेत्र से जुड़े संतोष राव का कहना है कि केंद्र सरकार का यह अपने ग्राहकों को बहतरीन तोहफा है। बाइट.....

*केंद्र सरकार के इस जीएसटी का जो पहल है इस वजह से मीडियम क्लास के जो कस्टमर्स हैं उनको बहुत फायदा मिला है करीब–करीब लाख से डेढ़ लाख रुपए तक का डिस्काउंट उन गाड़ियों पे मिल रहा है जिन गाड़ियों पे वो अफोर्ड नहीं कर पा रहे थे अब वो गाड़ियाँ उनके बजट में आ*

*गई हैं जिस वजह से ग्राहकों का फुटफॉल भी बढ़ा है शोरूम में और त्यौहार को त्यौहार के तरीके से मनाने की भी मुहिम चल रही है।*

——————————

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

**ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।**

——————————

**आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत आगरा में आज भारतीय जनता पार्टी के महिला मोर्चा ने कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का शुभारंभ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री चौधरी ने 25 सितम्बर से 25 दिसम्बर तक चल रहे आत्मनिर्भर भारत अभियान के ज़रिए भाजपा घर घर जाकर स्वदेशी वस्तुओं के इस्तेमाल को लेकर जागरुकता फैला रही है। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प में आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। बाइट.....**

*माननीय प्रधानमंत्री जी का जो संकल्प है दो हज़ार सैंतालीस तक भारत को जो विकसित राष्ट्र बनाना है उसमें आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी एक निर्णायक भूमिका में रहे। इस प्रकार के संकल्प के साथ हम लोग घर घर जाकर जो भारत में बना उत्पाद है भारत के लोगों का जिसमें श्रम लगा है ऐसे उत्पादकों को प्रमोट करने का काम भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता हम सब लोग मिलकर करेंगे।*

————————

**अयोध्या में 19 अक्टूबर को होने वाले दीपोत्सव की तैयारियाँ तेज़ हो गई हैं। अयोध्या के मंडलायुक्त राजेश कुमार ने बताया इस वर्ष 26 लाख 11 हज़ार 101 दीप जलाकर विश्व रिकॉर्ड बनाने के लक्ष्य रखा गया है। वहीं दीपोत्सव में 2000 से अधिक कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन भी करेंगे। पेश है एक रिपोर्ट.....**

*भगवान राम की नगरी अयोध्या, दीपोत्सव पर दीयों की जगमगाहट के साथ ही सांस्कृतिक कला के रंगों से भी सराबोर नज़र आएगी। इस वर्ष दीपोत्सव में 2000 से अधिक कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। इनमें प्रदेश के अलावा अन्य राज्यों के करीब 500 कलाकार शामिल होंगे। वहीं अयोध्या के लगभग 300 स्थानीय कलाकार भी इस भव्य आयोजन का हिस्सा बनेंगे। इन कलाकारों के लिए एक बड़ा मंच, तीन मध्यम आकार के मंच और सात छोटे मंच बनाए जा रहे हैं। इन मंचों पर देशभर से आए कलाकार अवधी, भोजपुरी, ब्रज और फगुआ भजन और लोक संगीत की प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। तन्मय सोनी, आकाशवाणी समाचार, अयोध्या।*

————————

**उन्नाव में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने दीपावली पर गाय के गोबर से गणेश–लक्ष्मी की मूर्तियां और मधुमक्खी के मोम से बनी मोमबत्तियां तैयार की हैं।**

इन उत्पादों को स्वयं सहायता समूह की महिलाएं न केवल स्थानीय स्तर पर बेच रही है बल्कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर भी उपलब्ध करा रही है जिससे उनकी आय में वृद्धि हुई है। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन और लखपति दीदी योजना के तहत की गई यह शुरुआत इन महिलाओं की आमदनी बढ़ाकर इन्हें आत्मनिर्भर बनाने में मददगार साबित हो रही है।

———————

पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ ए.पी.जे.अब्दुल कलाम की जयंती पर आज प्रदेश के मदरसों में विज्ञान प्रदर्शिनी और संगोष्ठियों का आयोजन किया गया। लखनऊ में प्रदेश के राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने मदरसा दारूल उलूम वारसिया में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम में ज़िले के 20 मदरसों के करोब 2000 छात्रों ने मॉडल बनाकर विज्ञान के विभिन्न आयामों का प्रदर्शन किया।

———————

कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में आज से शुरू हुए रणजी ट्राफी मुकाबले में आंध्र प्रदेश का सामना उत्तर प्रदेश की टीम से हो रहा है। आंध्र प्रदेश की टीम ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। पहले दिन का खेल खत्म होने तक आंध्र प्रदेश की टीम तीन विकेट के नुकसान पर 289 रन बना चुकी है।

(समाप्त)